प्रेम से लगाओ गुलाल कान्हा

प्रेम से लगाओ गुलाल कान्हा को आज होरी में,
कान्हा जी को होरी में होरी में,
धूम मचाओ रे धमाल कान्हा को आज होरी में,

बरसाने से निकली टोली,
कान्हा संग खेलेगे होली,
रंग देंगे कान्हा को आज देखो रे देखो होली में,
धूम मचाओ रे धमाल कान्हा को आज होरी में,

ग्वाल बाल भी कर तयारी,
बच न पाये सखियाँ सारी,
छोड़े गे इनको न आज,देखो रे देखो होली में,
धूम मचाओ रे धमाल कान्हा को आज होरी में,

बच न पाओगे कान्हा हम से,
रंग ने का वादा है तुम से,
कितना ही चुप लो आज,देखो रे देखो होली में,
धूम मचाओ रे धमाल कान्हा को आज होरी में,

राधा ने आवाज लगाई,
दोड़ेयो आयो कृष्ण कन्हाई,
प्रेम से रंग गये रे आज,
देखो रे देखो होली में,
धूम मचाओ रे धमाल कान्हा को आज होरी में,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/9768/title/prem-se-lgaao-gulal-kanha-ko-aj-holi-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |